मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक



राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ अंक :१० मुंबई, १४ दिसंबर से २० दिसंबर २०१८ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## पीएनजी गैस पाईप लाईन व गैस चुल्हा वितरण कार्यक्रम

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई ।** दिनांक १०-१२-२०१८ को त्रिवेणी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व) में दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र में प्रभाग क्र. ४३मध्ये नगरसेवक विनोद मिश्रा के अथक प्रयत्नों से पीएनजी गैस पाईप लाईन व गरीब, गरजू लोकों के लिए प्रधानमंत्री उज्वला योजना अंतर्गत गैस चूल्हा वितरण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रिय पेट्रोलियम मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान के हाथों किया गया। प्रमुख अतिथि राज्यमंत्री (महिला व बाल कल्याण) मा. श्रीमती विद्या ठाकुर, उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी, विनोद शेलार, महानगर गैस लि. के एम.डी., संजीव दत्ता, संचालक, एम.एन.जी.एल., राजेश पांडे व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। पीएनजी गैस पाईप लाईन १२०० घरों में जोडा गया बचे हुए घरों में भी जल्द कनेक्शन दिया जाएगा। इसी प्रकार ५६९ गरीब व गरजू लोगों को मुफ्त गैस चूल्हे का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रिय पेट्रोलियम मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएनजी गैस पाईप लाईन से दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र के २५००० घरों को इसका लाभ मिलेगा।




## विधानसभा चुनाव परिणामों पर बोले राज ठाकरे, 'पप्पू' अब परमपूज्य हो गया

### प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की वजह से विधानसभा चुनावों में हारी बीजेपी

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मुखिया राज ठाकरे ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत और मध्य प्रदेश में शानदार प्रदर्शन पर तंज कसते हुए कहा है कि 'पप्पू' अब परमपूज्य हो गया है। बता दें कि राहुल गांधी को उनके विरोधी 'पप्पू' नाम से बुलाते हैं और इसी के जरिए एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे ने उन पर निशाना साधा है। कांग्रेस को यह जीत ऐसे समय पर मिली है जब राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने का एक साल पूरा हो गया है। राज ठाकरे ने कहा, 'गुजरात में राहुल गांधी अकेले थे, यहां तक कि कर्नाटक और अब यहां भी। अब पप्पू परमपूज्य हो गया है। क्या उनके नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया जाएगा आप देख रहे हैं।' उन्होंने बीजेपी पर भी तीखा हमला बोला। राज ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की वजह से पार्टी की हार सुनिश्चित थी। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से अमित शाह और मोदी जी ने पिछले ४ साल में व्यवहार किया है, यह तो होना ही था। भारत की जनता को अब यह स्पष्ट हो गया है कि वे हर मोर्चे पर फेल हुए हैं और उनके पास दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए वे राम मंदिर का कार्ड खेल रहे हैं लेकिन लोग अब बहुत स्मार्ट हैं।' बता दें कि पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तीन में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने जा रही है। हालांकि उसे मिजोरम में तगड़ा झटका लगा है और तेलंगाना में टीआरएस को बंपर सफलता मिली है। कांग्रेस पार्टी के समक्ष अब सबसे बड़ी चुनौती छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सीएम चुनने की है। राजस्थान में जहां सचिन पायलट और अशोक गहलोत की खेमेबाजी सामने आ रही है तो मध्य प्रदेश में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य के बीच प्रेशर पॉलिटिक्स की सूचना है। उधर, छत्तीसगढ़ में भी भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव जैसे कद्दावर नेताओं की दावेदारी भी पार्टी में विवाद की वजह बन सकती है।



## बीजेपी की हार के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी और अमित शाह को दिखाया चाय बेचते

### केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने किया पलटवार, कहा- मेहनतकश लोगों के प्रति मानसिकता सामने आ गई

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बीजेपी की करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का मुखौटा पहनकर उन्हें चाय बेचते हुए दिखाया। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे बेटी और महाराष्ट्र के शोलापुर से विधायक परिणीति शिंदे भी मौजूद थीं। इस तस्वीर के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद बुधवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने तीखा पलटवार किया। स्मृति इरानी ने एक ट्वीट के जवाब में ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने करियर की शुरुआत बेहद साधारण तरीके से की थी। आज के इस घमंड भरे जश्न में मेहनतकश लोगों के प्रति वह मानसिकता सामने आ गई जो उनसे नफरत करती है। और अभी २४ घंटे भी नहीं हुए हैं। बता दें कि चुनाव परिणाम आने के बाद राहुल गांधी ने कहा था कि पीएम मोदी के अंदर अहंकार गया है, इसीलिए उन्होंने युवाओं और किसानों की आवाज सुनने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, 'थोड़ा अहंकार आ गया है। मेरा मानना है कि यह किसी नेता के लिए घातक होता है। उनके काम करने के तरीके से मैंने यह बात सीखी है। मेरे लिए इस देश के लोग ही सबसे अच्छे शिक्षक हैं।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि २०१४ के चुनाव से उन्हें जो सबसे अहम चीज सीखने को मिली, वह 'विनम्रता' है।

उन्होंने कहा, 'यह एक महान देश है और इस देश में सबसे अहम चीज है कि लोग क्या मानते हैं। बेबाकी से कहूं तो नरेंद्र मोदी जी ने मुझे सबक सिखाया कि क्या नहीं करना चाहिए। पांच साल पहले उन्हें (मोदी को) इस देश में बदलाव लाने का बड़ा मौका दिया गया। दुखद चीज यह है कि उन्होंने देश की धड़कन सुनने से मना कर दिया।' बता दें कि पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तीन में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने जा रही है। हालांकि उसे मिजोरम में तगड़ा झटका लगा है और तेलंगाना में टीआरएस को बंपर सफलता मिली है। कांग्रेस पार्टी के समक्ष अब सबसे बड़ी चुनौती छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सीएम चुनने की है।



## तानसा में डूबने से दो युवकों की मौत

**पालघर:** रविवार को मुंबई के मालाड से वाडा स्थित तानसा नदी के तट पर पिकनिक मनाने गए दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस निरीक्षक सुदाम शिंदे ने बताया कि रविवार की सुबह मुंबई, ठाणे व अन्य उपनगरों से 30 युवकों का एक ग्रुप उचाट गांव स्थित तानसा नदी में पिकनिक मनाने आया था। दोपहर 1 बजे के आसपास 7-8 युवक नदी में नहाने गए। स्नान के दौरान दो युवक नदी के गहरे पानी में डूबने लगे। बाकी युवकों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। मृतकों की पहचान प्रसाद प्रमोद शिंदे (मालाड निवासी-25) व अनीष सुधीर मोरे (उल्हासनगर निवासी-25) के रूप में हुई है।

## अलार्म बजा, सोना बचा खाली हाथ भागे चोर

**वसई :** वसई पूर्व के गोखिवरे तालाब स्थित मुथुट फिनकार्प गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी में चोरी करने आए चोरों के मंसूबों पर वहां लगे अलार्म ने पानी फेर दिया। वारदात से पहले कंपनी में लगा अलार्म बजने से उन्हें खाली हाथ भागना पड़ा। चोरों ने जाते-जाते पास स्थित एक एटीएम को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वहां भी उन्हें सफलता नहीं मिली। शिकायत के बाद वालीव पुलिस धारा 380,511 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रकाश बिराजदार ने बताया कि रविवार की सुबह 5 बजे गोखिवरे स्थित मुथुट फाइनेंस कंपनी में चोर शटर तोड़ रहे थे, उसी दौरान कंपनी का अलार्म बज गया जिससे चोर डर से भाग निकले। भागने के क्रम में चोरों ने वहीं पास स्थित पंजाब नैशनल बैंक के एटीएम को तोड़ने की कोशिश की। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर वालीव पुलिस अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर लिया है।

।। स्वर्गवास।।

अत्यंत दु:ख के साथ सुचित करते है कि हमारी पुज्य



मुंबई का चर्चित समाचार पत्र 'मेट्रो दिनांक' की मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी की माता

स्व. इंद्रावती हौसिलाप्रसाद मिश्रा (७० वर्ष) का

स्वर्गवास : १० दिसंबर २०१८ को हुआ।

आपके पुनित चरणों में हमारे श्रद्धासुमन अर्पण। आपकी ममतामयी मधूर मुस्कान, स्नेह स्पर्श सदैव हमारे ह्रदय में स्पंदन की तरह रहेगा।

शोकाकुल-

समस्त मिश्रा / तिवारी परिवार

एवं मेट्रो दिनांक परिवार

## शराब पीकर गाड़ी चलाई तो अच्छे से होगी ठुकाई

**मुंबई,** क्रिसमस और थर्टी फर्स्ट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मौके पर शहर में पार्टी करनेवालों ने भी अपनी योजनाओं को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में पुलिस भी शराब पीकर गाड़ी चलानेवालों की अच्छे से ठुकाई करने की तैयारी में लग गई है क्योंकि इस बार न्यू ईयर पर खाकी कड़क नजर आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थर्टी फर्स्ट या फिर क्रिसमस के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाते पाए गए तो इस बार २ हजार रुपए जुर्माना सहित ३ महीने के लिए लाइसेंस भी रद्द हो जाएगा। ऐसे में 'ड्रंक एंड ड्राइव' करनेवालों को संभलकर रहने की जरूरत है। ट्रैफिक विभाग ने एक सप्ताह पहले ही लाइसेंस रद्द करने का प्रस्ताव रीजनल ट्रांसपोर्ट विभाग को भेजा है। संयुक्त पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार का कहना है कि जहां तक अनुमान है इसी महीने के अंतिम सप्ताह तक इस नियम को लागू कर दिया जाएगा, यानी क्रिसमस और थर्टी फर्स्ट के अवसर पर शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े गए तो आपको डबल दंड भरना पड़ेगा। दंड स्वरूप आपको २ हजार रुपए तो भरने ही पड़ेंगे, साथ ही ३ महीने के लिए लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। पिछले महीने महाराष्ट्र पुलिस द्वारा जारी किए गए एक सर्कुलर के अनुसार गाड़ी चलाते समय फोन पर बात करने, रश ड्राइविंग करने, सिग्नल जंप करने, वाहन ओवर लोड होने के मामलों में ५ चालकों के लाइसेंस आरटीओ के पास रद्द करने के लिए भेज दिए गए थे।

## पानी पर मनपा की मनमानी, स्थायी समिति की बैठक में भड़के शिवसेना के नगरसेवक

**मंजु तिवारी**

**ठाणे,** मुंब्रा तथा दिवा सहित शहर के अनेक हिस्सों में हो रही पानी की किल्लत पर स्थायी समिति की बैठक में शिवसेना सहित अन्य पार्टियों के नगरसेवकों ने गहरी नाराजगी जताई। बिना ओसी के नवनिर्मित गृह संकुलों में तथा तालाबों में पानी की आपूर्ति करने सहित उचित प्रबंधन न कर मनमाने तरीके से पेयजल की आपूर्ति करने का आरोप लगाया। उक्त सभी आरोपों की जांच करने के आदेश दे दिए गए हैं।

गर्मी के मौसम में पानी की कटौती के चलते लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। गर्मी का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ है इसके बावजूद जगह-जगह हो रही पानी की किल्लत को लेकर माहौल गरमाता जा रहा है। सबसे गंभीर स्थिति दिवा तथा मुंब्रा की है, जहां पांच-पांच दिन तक पानी नहीं आ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर स्थायी समिति की बैठक में शिवसेना के नगरसेवक बेहद आक्रामक हो गए। बैठक में नगरसेवकों ने आरोप लगाया कि मनपा अधिकारियों की मनमानी तथा उचित प्रबंधन के अभाव में पानी की किल्लत हो रही है। शहर में कई ऐसे नवनिर्मित निवासी संकुल हैं, जहां बिना ओसी के पानी का कनेक्शन दे दिया गया है। इतना ही नहीं बैठक में पेयजल आपूर्ति योजना के हिसाब से पेयजल की आपूर्ति न किए जाने तथा गलत बिल भेजकर नागरिकों से जबरदस्ती बिल वसूलने का भी आरोप लगाया गया। बैठक में अधिकारियों ने कुछ जगहों पर गलत बिल भेजने की बात स्वीकार की है। शिवसेना नगरसेवकों के आक्रामक रुख को देखते हुए स्थायी समिति सभापति राम रेपाले ने पूरे आरोपो की जांच करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर महीने से ही २० प्रतिशत पानी की कटौती शुरू हो गई है। दशकों पुरानी पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज के चलते करीब ३० प्रतिशत पानी व्यर्थ में बह जाता है।

## संपादकीय

# कांग्रेस की वापसी

विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। इन चुनावों को २०१९ के आम चुनाव का सेमी फाइनल माना जा रहा है, इसलिए इनके नतीजों में सभी राजनीतिक दलों के लिए कुछ न कुछ संदेश जरूर छिपा है। एक बात साफ है कि केंद्र और देश के ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ बीजेपी को करारा झटका लगा है। २०१४ के आम चुनाव और उसके बाद के कई विधानसभा चुनावों में जीत के जरिये उसने अपनी अजेयता का एक मिथक रच डाला था। मामूली अंतर से मिली जीत को, यहां तक कि गोवा में मिली हार को भी वह अपने पक्ष में एकतरफा जनादेश बताने में सफल रही। लेकिन पांच राज्यों के परिणामों से स्पष्ट है कि अब माहौल उसके खिलाफ हो रहा है। अब तक बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत करिश्मे के सहारे चुनाव दर चुनाव जीत रही थी, लेकिन अभी जीत का सिलसिला अचानक टूट जाना यह बताता है कि मोदी का करिश्मा चल नहीं पा रहा। जनता अब स्थानीय मुद्दों को ज्यादा तवज्जो दे रही है। सबसे बड़ी बात यह कि हिंदीभाषी राज्यों में उसे कांग्रेस में उम्मीद नजर आ रही है। कहा जा सकता है कि कांग्रेस की वापसी हो रही है।



छत्तीसगढ़ में तो पार्टी का नेतृत्व ही खत्म हो गया था। वहां कांग्रेस ने एकतरफा बहुमत हासिल किया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में अंदरूनी टकराहटों से उबरकर उसने अपना जमीनी ढांचा दोबारा खड़ा किया है। इससे यह धारणा टूटी है कि कांग्रेस में मोदी का मुकाबला करने की क्षमता नहीं है। पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले एक वर्ष में लगातार अपने को किसानों, आदिवासियों, दलितों और युवाओं के मुद्दे पर फोकस किया और केंद्र सरकार की नाकामियों की ओर जनता का ध्यान खींचा। कांग्रेस के पक्ष में आए जनादेश को भविष्य के नेता के रूप में राहुल गांधी की स्वीकृति की तरह भी देखा जाएगा, हालांकि उनकी आगे की यात्रा काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस की सरकारें जनता की अपेक्षाओं पर कितनी खरी उतरती हैं। उन्हें इस तरह काम करना होगा कि पार्टी उनकी मिसाल लोकसभा चुनावों में दे सके। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ कभी हां कभी ना के रिश्ते में जुड़े क्षेत्रीय दलों में भी राहुल गांधी के नेतृत्व से जुड़े संशय कुछ कम हो सकते हैं। ऐसा हुआ तो बीजेपी विरोधी महागठबंधन को मजबूती मिलेगी। मामले का दूसरा पहलू यह है कि तमाम नाराजगी के बावजूद बीजेपी के लिए सूपड़ा साफ जैसी स्थिति कहीं नहीं है और दोनों बड़े हिंदीभाषी राज्यों में उसने कांग्रेस को कांटे की टक्कर दी है। वोटरों का संदेश यही है कि जो वादे पार्टियां करें, वे पूरे भी होने चाहिए। भावनात्मक मुद्दों की हवा निकलना इन नतीजों का दूसरा संदेश है। आम चुनावों में तीन-चार महीने का वक्त बाकी है। देखें, सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही जनता से जुड़ाव बनाने में इस समय का कैसा इस्तेमाल करते हैं।

# हिंदी : राजभाषा, राष्ट्रभाषा या विश्वभाषा.....क्या कहा जाय ?



- डॉ. अर्चना दूबे

**साहित्य** समाज का दर्पण होता है । समाज भौतिकवादी हुआ है, उसकी सोच अर्थवादी हो गयी है, विश्व बाजारवाद पर चल पड़ा है, तब भी हमारा देश वैश्विक संस्कृति से अलग नहीं हो पा रहा है । हमने राजभाषा को पूर्णता होते हुए भी बाजारीय अर्थवादी सोच नहीं दी । यही कारण है कि हमारा लेखक याचक है और प्रकाशक दाता ।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा १९१७ में भरूच (गुजरात) में सर्व प्रथम राष्ट्र भाषा के रूप में हिंदी को मान्यता प्रदान की गयी थी । उसके बाद १४ सितम्बर १९४९ को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को राजा भाषा का दर्जा दिये जाने का निर्णय लिया तथा १९५० में संविधान के अनुच्छेद ३४३(१) के द्वारा हिंदी को देवनागरी लिपि में राजभाषा का दर्जा दिया गया । राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर १९५३ से १४ सितम्बर को 'हिंदी- दिवस' के रूप में मनाया जाता है ।

यह हमारी विडंबना रही है कि देश में राजभाषा के रूप में हिंदी को संविधान लागू होने के पूर्व कभी भी आधिकारिक मान्यता नहीं मिली थी । मुगलों के समय राजभाषा के रूप में अरबी, फारसी का बोलबाला था, तो अंग्रेजों ने अंग्रेजी और उर्दू को राज काज को चलाने में अधिक उपयोग किया। दरअसल, हिंदुस्तान में खड़ी बोली और हिंदी जनभाषा के रूप में ही मान्य रही और पुष्ट होती भी चली आयी । आज भी सरकार ने राष्ट्रभाषा के रूप में राजभाषा को स्वीकार नहीं किया । लेकिन जनता ने इसे राष्ट्रभाषा के रूप में अंगीकार जरूर कर लिया है । इसकी व्यापक स्वीकृति शीघ्र इसे विश्व भाषा का दर्जा प्रदान करवा देगी । इसके पीछे देवनागरी का सांस्कृतिक होना भी है ।

मौजूदा समय में विश्व स्तर पर अंग्रेजी के सबसे अच्छे लेखक मूलतः भारतीय है । गीता जैसी सूक्ष्म प्रबंधकीय किताब होने के बावजूद हम राष्ट्रभाषा के प्रबंधन में कहीं न कहीं चूक गये है और यही चूक राजकीय स्तर पर भी है । हमारे देश में विदेशी प्रतिनिधिमंडल आते हैं तो सरकारी दुभाषिए से काम चला लेते है, क्योकि इंग्लैंड – अमेरिका के लोगों को छोड़ दें तो ज्यादातर लोग अंग्रेजी नहीं जानते ।

सन १९५७ का आंदोलन दासता के विरूध्द स्वतंत्रता का पहला आंदोलन था । यह आंदोलन यद्दपि संगठन और एकता के अभाव के कारण असफल रहा, पर इसने भारतवासियों के हृदय में स्वतंत्रता की उत्कट अभिलाषा उत्पन्न कर दी । आगे चलकर जब भारत के विभिन्न प्रांतों में स्वतंत्रता के लिए संगठित प्रयत्न आरम्भ हुए तो यह स्पष्ट हो गया कि बिनाएक सामान्य भाषा के देश में संगठन होना असम्भव है ।

किसी राष्ट्र की पहचान उसके भाषा और उसकी संस्कृति से होती है । पूरी दुनिया में हर देश की एक अपनी भाषा और अपनी संस्कृति है । यदि कोई देश अपनी मूल भाषा को छोड़कर दुसरे देश की भाषा पर आश्रित होता है उसे सांस्कृतिक रूप से गुलाम माना जाता है । क्योंकि जिस भाषा को लोग अपने पैदा होने से लेकर पूरे जीवन भर बोलते है, लेकिन अधिकारिक रूप से दूसरी भाषा पर निर्भर रहना पड़ता है तो कहीं न कहीं उस देश के विकास में दूसरेदेश की अपनायी गयी भाषा ही सबसे बड़ी बाधक बनती है । एक अंतर्विरोध भी देखने को मिल रहा है । भारत के बढ़ते प्रभाव के कारण दुनिया में हिंदी जानने – समझने का चलन बढ़ा है, लेकिन भारतीय लोगों में अपनी भाषा को लेकर एक हीनता का बोध देखने को मिलता है । ऐसी स्थिति में सरकार को कुछ ऐसा करना चाहिए कि हिंदी भाषा को अधिक बढ़ावा मिले । इसके लिए हिंदी को रोजगार की भाषा बनाने पर जोर देना होगा । नौकरियों में हिंदी जानने वालों को तरजीह देनी होगी और परीक्षाओं का भी माध्यम इसे बनाया जाना चाहिए । सरकार अगर ऐसे ही छोटे – छोटे प्रयासों से हिंदी को आगे बढ़ाने का भरशक कोशिश करे तो हिंदी को जरूर आगे बढ़ाया जा सकता है ।

भले ही आज हिंदी की वैश्विक स्थिति काफी बेहतर है विश्व के सभी महत्वपूर्ण देशों में व विश्वविद्यालयों में हिंदी अध्ययन और अध्यापन हो रहा है परंतु विडम्वना यह है कि विश्व में अपनी स्थिति के बावजूदहिंदी भाषा अपने ही घर में अपेक्षित जिंदगी जी रही है । जहाँ गुड मार्निंग से सूर्योदय और गुड इवनिंग से सूर्यास्त होता है । अंग्रेजी बोलने वालों को तेज, बुध्दिमान एवं हिंदी बोलने वालों को अनपढ़, गवार कहे जाने की परम्परा को अब अपनाया जा रहा है । राजनेताओं द्वारा हिंदी को लेकर राजनीती की जा रही है । जब भी हिन्दी दिवस आता है तो हिंदी को लेकर बड़े लम्बे – लम्बे वक्तव्य देकर हिंदी पखवाड़े का आयोजन करके इतिश्रीकर ली जाती है । हिंदी भाषा हमारी दोहरी नीति का शिकार हो चुकी है । यही कारण हैकि हिंदी आज तक व्यावहारिक दृष्टि से न तो राजभाषा बन पायी और न ही राष्ट्रभाषा ।

# पत्नी बेलन से पीटती है, पुलिस के पास पहुंचा पति

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** साहब! पत्नी कमरा बंद कर बेलन और डंडों से पीटती है। विरोध करो तो बुजुर्ग मां और छोटी बहनों को पीटने पर आमादा हो जाती है। ये आरोप यूपी की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज निवासी एक युवक ने लगाए हैं। पुलिस परामर्श केंद्र में दिए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी उनके पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रही है। वह अकेले ऐसे शख्स नहीं हैं। उनकी तरह कई पुरुषों ने पत्नियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए परामर्श केंद्र का दरवाजा खटखटाया है। फैजुल्लागंज के रहनेवाले एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि २१ साल पहले उनकी शादी पुरनिया से हुई थी। आरोप है कि उनकी पत्नी शक्की हो चुकी है और पिछले पांच महीने से आए दिन लड़ाई-झगड़ा करती है। एक रात तो उन्हें डंडे से इतना मारा कि उनका हाथ टूट गया। उनका आरोप है कि पत्नी उनके बुजुर्ग पिता को भी खाना नहीं देती। यही नहीं, पुलिस परामर्श केंद्र में काउंसलिंग के वक्त भी वह मारपीट पर आमादा हो जाती है।



# बिहार की जेलों में छापेमारी में मिले छोटू मोबाइल से पुलिस हैरान

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**बिहार:** बिहार की सभी जेलों में बुधवार की सुबह एक साथ छापेमारी की गई. इसमें कई जिला जेलों से मोबाइल और अन्य आपत्तिजनक सामान मिले, लेकिन हाजीपुर जेल से जो मोबाइल मिला उसे देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए. क्योंकि इतने छोटे साइज का मोबाइल पहले कभी नहीं देखा गया था. अधिकारी इसे आई ओपनर मान रहे हैं. बिहार के सभी जिलों के डीएम और एसपी ने एक साथ राज्य की सभी जेलों पर छापा मारा, हाजीपुर जेल में आधा दर्जन मोबाइल मिले. बिहार में हर महीने जेलों की सामूहिक छापेमारी होती है. पिछले तीन महीनों में यह तीसरा मौका था जब सभी जेलों पर छापेमारी की गई. हर महीने होने वाली छापेमारी के बावजूद जेलों से कुछ ऐसे आपत्तिजनक सामान मिल रहे हैं जिससे लगता है कि जेल प्रशासन और कैदियों के बीच किसी तरह की साठगांठ है. कटिहार जेल से ३ मोबाइल बरामद हुए, मुंगेर और गया जेल से दो-दो मोबाइल फोन मिले बाकी सहरसा, भभुआ, खगड़िया और बेगुसराय जेल से एक-एक मोबाइल फोन मिलने की खबर है. केवल मोतिहारी मंडल ऐसा रहा जहां की जेलों से अधिकारियों को आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है. जेलों में मोबाइल के साथ-साथ कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पेन ड्राइव और डाटा कार्ड मिला है लेकिन सबसे चौकाने वाला मामला हाजीपुर जेल से मिले विदेशी मोबाइल से सामने आया है. यह मोबाइल नॉर्मल मोबाइल के दसवें हिस्से के बराबर है. इसे हथेली में आसानी से छुपाया जा सकता है. वैशाली के डीएम राजीव रोशन ने इसके बारे में बताया कि एक मोबाइल बरामद हुआ है जो साइज में बेहद छोटा है. इलेक्ट्रॉनिकली सारे फंक्शन काम कर रहे हैं. इसका आसानी से पता नहीं चलेगा. यह हमारे लिए आंखें खोलने वाला है कि जेलों में किस तरह की नई-नई चीजें मिल रही हैं.



जेलों में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के अलावा सिगरेट, गांजा, गुटखा और नशे की दवाइयां जैसे आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं. बिहार में पिछले तीन महीनों से हर महीने पूरे राज्य की जेलों में छापेमारी हो रही है इसके बावजूद जेलों से मोबाइल और आपत्तिजनक चीजें बरामद हो रही हैं, जिससे यह साफ है कि इसमें कहीं न कहीं जेल प्रशासन की लापरवाही है.

# बिजनसमैन ने बेचा IT विभाग का अटैच बंगला, खरीदने वाले और बेचने वाले पर केस, अरेस्ट

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** मुंबई की गोमदेवी पुलिस ने एक व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। कारोबारी पर आरोप है कि उसने आयकर विभाग द्वारा सील किया गया अपना बंगला बेच दिया। आईटी ने उसका गोराई का यह बंगला ५.५ करोड़ रुपये टैक्स डिफॉल्टर होने के बाद अटैच किया था। पुलिस ने बताया कि चिनमन पटेल का मेटल फैब्रिकेशन का व्यवसाय है। उसके खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी और आपराधिक षडयंत्र के तहत केस दर्ज किया है। उसे मंगलवार को कोर्ट के सामने पेश किया गया और फिर न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है।



पुलिस ने बताया कि चिनमल पटेल की संपत्ति का २००९ और २०१३ में मूल्यांकन किया गया था। आईटी विभाग ने पाया कि उन्होंने आयकर से बचने के लिए फर्जी खरीद की रसीदें लगाईं। उनके पास अघोषित संपत्ति भी पाई गई। आयकर विभाग ने यह भी पाया कि उन्होंने कई संपत्तियां भी खरीदी हैं। उनके ऊपर ५.५ करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पाई गई। उन्होंने आयकर विभाग का यह टैक्स नहीं भरा तो अधिकारियों ने उनके गोराई का बंगला जब्त कर उसे नीलामी की लिस्ट में डाल दिया। उन्होंने बंगले के बाद इस सूचना का नोटिस भी चस्पा किया था ताकि यह संपत्ति खरीदी या बेची न जा सके।

आईटी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चिनमन समन से बचने के लिए एक जगह से दूसरी जगह गायब होता रहा। बाद में पता चला कि उसने गुपचुप तरीके से बंगला बेच दिया है। सितंबर में इस बंगले को किसी गुप्ता परिवार ने खरीदा। अधिकारियों ने बताया कि पटेल की पत्नी को भी नोटिस भेजा गया लेकिन उन्होंने भी नोटिस रिसीव नहीं किया। इधर गुप्ता परिवार को भी नोटिस भेजा गया है जिन्होंने यह बंगला खरीदा है।

अधिकारियों ने बताया कि आयकर नियमों के सेक्शन २८१ के तहत कोई भी आयकर विभाग की अटैच संपत्ति बेची या खरीदी नहीं जा सकी। इस संपत्ति को सिर्फ आयकर विभाग की नीलामी के बाद ही खरीदा जा सकता था। इस बंगले में गुप्ता या चिनमन किसी का भी अधिकार नहीं है।

# दादर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया

**मुंबई।** ट्रेन से गिर कर मौत होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। बहुत कम ही सुनने में आता है कि ट्रेन से गिरकर किसी की जान बची हो। ऐसी ही भाग्यशाली मुंबई की दो महिलाएं थी, जिन्हें मौत के मुंह में जाने से जीआर पी पुलिस ने बचा लिया। बता दें की घटना गत दिनों पहले की है जब मुंबई दादर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया। रेलवे स्टेशन पर जीआर पी के कर्मचारियों ने दो महिलाओं को एक चलती ट्रेन के नीचे आने से पहले ही संभाल लिया। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद होगई! पूरा हादसा सामने आया कि तीन महिलाएं मुंबई की लोकल ट्रेन से अलग-अलग डब्बे के दरवाजों से चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी।इसी दौरान ट्रेन से उतरते-उतरते उनका पैर फिसल गया और वे प्लेटफॉर्म पर मुंह के बल गिरने ही वाली थी कि तभी जीआरपी पुलिस के कर्मचारियों ने उन्हें संभाल लिया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई थी। परन्तु मोके पे मौजूद जीआरपी पुलिस ने माहोल शांत किया ,दोनों महिलाएं सुरक्षित,गनिमत ये रही की जीआर पी पुलिस समय पर आ गई नहीं तो ये दोनों महिलाएं ट्रेन के नीचे ट्रैक पर भी गिर सकती थी और एक बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल दोनों महिलाएं सुरक्षित है। जीआर पी पुलिस ने उन्हें समझाते हुए चेतावनी दी कि वे ऐसी हरकत दोबारा ना करें, ट्रेन के रूकने के बाद ही उतरें।चलती ट्रैन से उतरना भी अपराध है जिस की लिए आप को जुरमाना होसकता है



# डांस बार पर पुलिस ने मारा छापा, तहखाने से ७ लड़कियों को छुड़ाया गया, ४२ लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई से सटे मीरा भायंदर इलाके में पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक एक गोवर्धन बार (अवैध आर्केस्ट्रा बार) से 7 लड़कियों को छुड़ाया. इन लड़कियों को तहखाने में छिपाकर रखा गया था. जिस बार में छापेमारी की गई वह भायंदर कस्बे के नया नगर पुलिस थाना क्षेत्र में है. यह छापेमारी रविवार तड़के की गई. इस छापेमारी में आर्केस्ट्रा बार मालिक, प्रबंधक और ग्राहकों सहित 42 लोगों को गिरफ्तार किया. छापेमारी में पुलिस ने 7 बार बालाओं को मौके से छुड़ाया. यह छापेमारी आईपीएस अतुल कुलकर्णी द्वारा की गई. मौके से 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 11 ग्राहक, बार मैनेजर, कैशियर, वेटर आदि शामिल हैं. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों पर आईपीसी की धारा 308, 294, 114, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है.


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000

Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी

**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,

**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629

Email : metrodinank@gmail.com

Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009

नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# पहले किया दलित महिला से रेप, फिर चेहरा कुचलकर मार डाला

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मेरठ,** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में बलात्कार और हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पहले एक महिला के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसका चेहरा कुचल कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई. महिला की लाश हाइवे के किनारे से बरामद हुई है.




रेप और हत्या की यह वारदात मेरठ के दौराला इलाके की है. दरअसल, बुधवार की सुबह लोगों ने वहां हाइवे के किनारे एक महिला की अर्धनग्न लाश पड़ी देखी. फौरन इस बात की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में ले लिया और छानबीन शुरू की. पुलिस ने पाया कि महिला का कत्ल ईंट से चेहरा कुचलकर किया गया है. उसकी लाश को पंचनामे की कार्रवाई के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दिया. पुलिस को शक है कि महिला से बलात्कार के बाद उसकी हत्या की गई है. महिला की शिनाख्त कर ली गई है. महिला दलित समुदाय से ताल्लुक रखती है. पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक दौराला की रहने वाली उक्त दलित महिला सोमवार शाम करीब तीन बजे लकड़ी एकत्र करने के लिए घर से निकली थी. लेकिन वो लौटकर वापस घर नहीं पहुंची. सुबह कस्बे के पास हरिद्वार-दिल्ली हाइवे के किनारे उसका अर्धनग्न शव खेत में पड़ा मिला.

मृतका का चेहरा ईंट से बुरी तरह कुचला गया था. वहीं इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों सड़क पर प्रदर्शन किया. जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वे पुलिस का विरोध करने लगे. बहुत समझाने के बाद ग्राणीणों सड़क से हटने के लिए तैयार हुए. इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल जांच पड़ताल की. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द ही इस मामले के खुलासे का आश्वासन दिया है. पहले काटे ण्ण्ऊन्न के तार, फिर एटीएम से लूटे २१ लाख बिहार में अपराधियों को पुलिस का रत्ती भर भी खौफ नहीं है. भागलपुर में बदमाशों ने एक बार फिर से पुलिस को चुनौती देते हुए एक एटीएम मशीन पर धावा बोला और वहां से २१ लाख रुपये लूट कर चलते बने. घटना सोमवार रात की है जब भागलपुर के मुजाहिद पुर थाना अंतर्गत मीरजान्हत इलाके में बदमाशों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम सेंटर पर लूट की घटना को अंजाम दिया. लूट के इस घटना में अपराधियों ने गैस कटिंग मशीन का इस्तेमाल किया. जिसकी मदद से उन्होंने पहले एटीएम मशीन को काटा और वहां से २१ लाख लूट लिए. इस पूरे वारदात की जानकारी भागलपुर पुलिस को मंगलवार की सुबह को मिली जिसके बाद वह मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने गैस कटिंग मशीन से एटीएम को काटने से पहले एटीएम सेंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के तार को काटा ताकि इस घटना की रिकॉर्डिंग ना हो सके हम. पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी के तार काटने के बाद अपराधियों ने एटीएम सेंटर का शटर भी गिरा दिया ताकि एटीएम मशीन काटते हुए कोई उन्हें देखना है.

# इटली का रोबॉट साफ करेगा मुंबई का नाला

**मुंबई,** देश में संभवत: पहली बार रोबॉट नाला साफ करने उतरेगा। मुंबई में इस साल प्रायोगिक तौर पर रोबॉट के सहारे नाला सफाई कराई जाएगी। इटली से मंगाए जा रहे इस रोबॉट से शहर के ९० किलोमीटर नाले साफ करने का लक्ष्य है। इसके नतीजे के आधार पर ही इस प्रॉजेक्ट के भविष्य पर फैसला होगा। खुले नालों को साफ करने में तो ज्यादा चुनौती नहीं आती है, लेकिन शहर के बंद नालों को साफ करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार अंदर पूरी तरह से सफाई नहीं हो पाती है। इसीलिए रोबॉट से नाला सफाई करवाने का निर्णय किया गया। दो साल के लिए नाला सफाई का खर्च ६० करोड़ रुपये आएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछली बार बारिश में पंपिंग स्टेशन बंद थे, लेकिन ताड़देव में पानी भरा था। पता किया गया तो संभवत: सही ढंग से नाला सफाई न होने की वजह सामने आई। चूंकि शहर के सारे नाले जमीन के अंदर हैं, इसलिए रोबॉट का प्रयोग शहर के इलाकों में होगा। रोबॉट को मेनहोल से अंदर भेजा जाएगा। उसके साथ उपकरण लगे होंगे, जो अंदर की गंदी मिट्टी को बाहर निकालेगा। रोबॉट से लगा उपकरण हर १०० मीटर पर कचरा बाहर लाएगा, लेकिन रोबॉट अंदर ही रहेगा। रोबॉट को बाहर से रिमोट के सहारे चलाया जाएगा। जहां कहीं पाइप इत्यादि आएगा, वहां रोबॉट को बाहर निकालकर फिर से अंदर डाला जाएगा। इसमें काम कर रहे अधिकारी ने बताया कि हम पहली बार इसका प्रयोग करेंगे। इसकी चुनौतियों का पता काम शुरू होने के बाद ही चल सकेगा। रोबॉट जनवरी के पहले सप्ताह तक आने की संभावना है। गौरतलब है कि बीएमसी कमिश्नर ने चुनिंदा नालों की सूची बनाने का काम पूरा करने को कहा था। इनमें नाले को शुरू से लेकर अंत तक शामिल किया जाएगा, जिससे इसका वास्तविक असर देखने को मिल सके।

**नाला सफाई में गड़बड़ी!**

नाला सफाई के काम में अक्सर प्रश्न उठते रहते हैं। नाले की सफाई के साथ भी समझौते का आरोप लगता रहता है। इसकी जांच में कुछ साल पहले बड़ा घोटाला सामने आया था, जिसके बाद तमाम नियम बदल दिए गए।

# नायर अस्पताल में एमआरआई के लिए अपाइंटमेंट २०२० में


**मुंबई,** बीएमसी अस्पतालों में मरीजों को कितनी सुविधाएं मिलती है, इसका अंदाजा नायर अस्पताल का हाल देख लगाया जा सकता है। बीएमसी के इस अस्पताल में मरीज को एमआरआई के लिए फरवरी २०२० का समय दिया गया है। राकेश शर्मा (बदला हुआ नाम) को सिर में लगातार दर्द बना रहता है। इसके लिए डॉक्टरों ने उन्हें एमआरआई कराने का सुझाव दिया। आर्थिक रूप से कमजोर राकेश शर्मा जब एमआरआई के लिए बीएमसी के नायर अस्पताल पहुंचे, तो उनके होश ही उड़ गए। अस्पताल ने उन्हें इस जांच के लिए फरवरी २०२० का समय दिया गया है। उससे पहले अस्पताल में एमआरआई होना संभव ही नहीं है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएमसी ग्रुप लीडर रईस शेख ने इसकी शिकायत कमिशनर सहित दूसरे आला अधिकारियों से की है।

रईस शेख ने कहा कि 'एमआरआई के अलावा अस्पताल के कई ऑपरेशन थिएटर में लाइट की सुविधा न होने के साथ ही ट्रॉमा सेंटर में लगे १४ वेंटिलेटर में से केवल ४ ही कार्य कर रहे हैं।' इस बारे में जब बीएमसी स्वास्थ्य विभाग की अडिशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर आई.ए.कुंदन से बात की, तो उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले की जांच के लिए टीम अस्पताल भेजी जाएगी।

# किसानों के असंतोष को २०१९ के चुनावों में बीजेपी की ओर मोड़ेंगे: कांग्रेस

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में बीजेपी की हार की पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र में कांग्रेस का मानना है कि वह 'कृषि संकट' और रोजगार में कमी को लेकर लोगों की नाराजगी को अगले साल होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बीजेपी के खिलाफ मोड़ सकती है। उत्तर प्रदेश (८०) के बाद सबसे ज्यादा ४८ सांसद महाराष्ट्र से आते हैं। साथ ही, कांग्रेस नेता इस बात से भी अवगत हैं कि चुनाव में बीजेपी का सामना करने के लिए अपने यहां की चीजों को दुरूस्त करना होगा।



२०१४ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया था और उसे मात्र दो सीटें मिली थीं। कांग्रेस और राकांपा का गठबंधन १९९९ से २०१४ तक तीन बार लगातार राज्य की सत्ता में रहा। लेकिन अक्टूबर, २०१४ में हुए विधानसभा चुनाव में उसे ४२ सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार 'कृषि संकट' और बेरोजगारी को लेकर लोगों में नाराजगी महाराष्ट्र में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की अपेक्षा ज्यादा गंभीर है। इन तीनों प्रदेशों में बीजेपी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। इन तीनों राज्यों के विपरीत महाराष्ट्र ऐसा राज्य है, जहां शिवसेना और राकांपा जैसी क्षेत्रीय पार्टियों को अलग-अलग हिस्से में मजबूत माना जाता है। इसके अलावा राज ठाकरे नीत मनसे, नारायण राणे की महाराष्ट्र स्वाभिमान पार्टी, सपा, बसपा, एसएसएस, भाकपा, आरपीआई जैसे दल भी हैं।

महाराष्ट्र कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी की भविष्य की रणनीति बीजेपी के सभी उम्मीदवारों को हराने की होगी। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस तथा राकांपा अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने में नाकाम रहते हैं तो रणनीति यह होगी कि प्रभावशाली उम्मीदवार को सीधे या परोक्ष रूप से समर्थन किया जाए। मुंबई के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने कहा कि उनका ध्यान मुंबई पर है, जहां से ३६ विधायक आते हैं। अगर हमें महाराष्ट्र जीतना है तो हमें मुंबई में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक पार्टी के रूप में हमें सबको साथ लाना होगा।

# पानी कम, जनता बेदम, प्रशासन कर रहै बैठकें

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** मुंबई के हर इलाके में कम पानी आपूर्ति को लेकर जनता परेशान है। दूरदराज और ऊपरी इलाकों में तो स्थिति और खराब है। पानी की आपूर्ति तो कम हो ही रही है, इसका दबाव भी कम हो गया है। इस कारण कई इलाकों में गंदे पानी की भी शिकायतें बढ़ रही हैं। स्थायी समिति की बैठक में बुधवार को इस मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। प्रशासन का कहना है कि वॉर्ड स्तर पर योजना बनाकर यह समस्या हल की जाएगी, जिसके लिए बैठकें की जाएंगी। घरों में पानी की स्थिति यह है कि १५ से २० मिनट से अधिक आपूर्ति नहीं हो पा रही है। एक गृहिणी ने बताया कि पानी शुरू होते ही हम एक तरफ पीने का पानी भरते हैं, दूसरी तरफ कपड़े धोने में जुटते हैं। सांस लेने की भी फुरसत नहीं मिलती है। बावजूद इसके यदि काम भर का पानी जमा कर पाए, तो खुश हो जाते हैं। अन्यथा जुगाड़ से काम चलाना पड़ता है।

नलों में घटता पानी

पानी आपूर्ति में कटौती के कारण सोसायटियों की टंकियों में पानी जमा नहीं हो रहा है। प्रशासन १० प्रतिशत कटौती का दावा कर रहा है, लेकिन नगरसेवक इस कटौती को ३०-४० प्रतिशत तक बता रहे हैं। नगरसेवक डॉ. सईदा खान ने बताया कि कम दबाव की वजह से पाइप में गंदगी जाने का खतरा बना रहता है। कोलाबा के नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने कहा कि हमारे इलाके में तय मात्रा से कम पानी आ रहा है, जिससे यहां रहने वालों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

# मारवाड़ में मुंबई इफेक्ट: कोई जीता, कोई हारा, किसी ने दूसरे की नैया डुबोई

**मुंबई,** राजस्थान विधानसभा के चुनावों में मुंबई में अपना व्यवसाय करने वाले कुछ नेता विजयी हुए, तो कुछ चुनाव हार गए। इनके अलावा ऐसे भी नेता हैं, जिन्होंने अपना टिकट कटवाने वाले उम्मीदवार का खेल बिगाड़ दिया। बीजेपी के दो प्रवासी राजस्थानी विधायक अपनी सीट बचाने में सफल रहे, तो एक व्यवसायी पहली बार जीत दर्ज करके विधायक बन गए। इन सभी के निर्वाचन में मुंबई के प्रवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में तीन प्रवासी व्यवसायी मुंबई से राजस्थान जाकर विधानसभा चुनाव जीते और चार हार गए। रानीवाडा में बीजेपी के नारायण सिंह देवल ने ८८ हजार ८८७ वोट लेकर कड़े मुकाबले में कांग्रेस को ३ हजार ४०५ वोट से लगातार दूसरी बार हराया। भीनमाल से बीजेपी के पूराराम चौधरी ने ७८ हजार ८९३ वोट लेकर लगातार तीसरी बार कांग्रेस को ९ हजार ६४६ वोटों से हराया। ये दोनों मुंबई के मेटल मार्केट के बड़े व्यवसायी हैं। इसी तरह पेशे से बिल्डर ललित ओस्तवाल बड़ी सादडी में बीजेपी के टिकट पर पहली बार चुनाव लड़े और ९७ हजार १११ वोट हासिल कर ८ हजार ८८० वोट से जीते हैं।

# धोखाधड़ी चेन स्नैचिंग करने वाले १३ अपराधिओं को ठाणे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ठाणे :** लोगों से बातचीत करते हुए हाथ की चालाकी से सोने के दागिने लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार थाने में वरिष्ठ नागरिकों को बातों ही बातों में फंसाकर अपनी पुरानी पहचान बता कर वरिष्ठ नागरिकों को लूटने वाले १० अपराधी व चेन खींचने वाले तीन अपराधियों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है



बैंकों में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को मीठी मीठी बातों में फंसा कर उनको अपनी बातो में व्यस्त कर उन से पैसे व सोने के आभूषण लूटलेने वाले अपराधी की शिकायत दिन ब दिन बढ़ रही थी वरिष्ठ नागरिको की शिकायत को धियान में रकते हुवे पुलिस आयुक्त विवेक फंसलकर के आदेश से विभाग १ के डिप्टी कमिश्नर डॉ। डीएस स्वामी के नेतृत्व में चार पोलिसया दस्ता तय्यार किया , ताकि वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ा जाए !



चारो दस्ते की तकनीकी जानकारी के आधार पर, १) राजू कृष्णा शेट्टी रेहवासी मुंबई २) रमेश कुमार विजयकुमार जयस्वाल रहवासी मुंबई ३) विलास रामू दलवी रहवासी उल्हासनगर ४) दिनेश भिमराव सुरदकर रहवासी उल्हासनगर ५) संजय महादेव रहवासी मुंबई ६) मोहम्मद असिम मोहम्मद रफीक

रहवासी हरितारा अंबिलवी ७) गणेश दत्तू ढोल रहवासी मुंबई ८) शारबाहन नवलु इस्लाम रेहवासी मुम्ब्रा ९) शंकर उर्फ मैरीप्पन रहवासी मोरबी डोंबिवली १०)प्रदीप साहेबराव पाटिल रहवासी मुरल कल्याण ११) कृष्णाकुमार श्यामराज सिंह रेहवासी मुलुंड १२) अर्जुन अमृतभाई रहवासी गुजरात १३) अर्जुनभाई दानभाई मारवाड़ी रेहवासी गुजरात, को गिरफ्तार कर लिया गया है . ४० ऐसे अपराध सामने आए हैं जिंन में से, धोखाधड़ी के ८ अपराध, चेन स्नैचिंग के ३२ अपराध हैं. ६६१ ग्राम सोने के गहने ३० हजार रुपये नकद कूल मिलकर लग बाघ २० ,०३ ,००० रुपये आरपियों के पास से मुद्दा माल ज़प्त किया गया है।. आरोपीयो को ८/१२/१८ को गिरफ्तार कर लिया गया है. न्यायिक हिरासत में सात आरोपियों में से छह आरोपी वर्तमान में पुलिस हिरासत में हैं।

# सोना तस्कर सिंडिकेट के खिलाफ ॐ का ऑपरेशन, ६६ किलो सोना और ४ कारें बरामद

**लखनऊ :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) में सोने से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर बड़ा वार करते हुए ६६ किलो अवैध सोना बरामद किया है जिसकी कीमत २१ करोड़ रुपए बताई गई है। लखनऊ, कोलकाता और सिलीगुड़ी में ६ और ७ दिसंबर २०१८ को एक तस्करी सिंडिकेट के खिलाफ अलग-अलग ऑपरेशन में यह सोना बरामद किया गया। मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है और तस्करी के दौरान इस्तेमाल की गईं चार कारों को भी बरामद कर लिया गया है। यह जानकारी एजेंसी की ओर से जारी किए गए एक बयान में दी गई। मुताबिक डीआरआई को इस बारे में जानकारी मिली थी एक सिंडिकेट बड़ी मात्रा में विदेशी सोना भारत में लाने के प्रयास में जुटा है। भूटान के रास्ते बॉर्डर से इस सोने को पहले पश्चिम बंगाल और फिर यहां से देश के अलग-अलग हिस्सो में भेजने की योजना थी। ६ दिसंबर २०१८ को लखनऊ के पास डीआरआई के अधिकारियों ने एक कार का पीछा किया। कार से १ किलो के ३३ सोने के बिस्किट यानी लगभग ३३ किलो सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत १०.५६ करोड़ रुपए बताई गई। इस सोने को कार में ड्राइवर



सीट के नीचे खास तरह से छुपाया गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार कार में मौजूद दो लोगों में से एक सिंडिकेट का मुख्य नियंत्रक था। एक अन्य ऑपरेशन कोलकाता में ७ दिसंबर को किया गया जहां एक बार फिर एक कार से सोना बरामद किया गया जिसमें दो लोग मौजूद थे। इस कार से भी ३३ किलो सोना मिला जिसकी कीमत १०.४६ करोड़ रुपए थी। इसे गियरबॉक्स के पास एक बॉक्स में डैश बोर्ड के अंदर छुपाया गया था। इसके अलावा सिलीगुड़ी में ३.५ लाख रुपए की नगदी बरामद की गई जिसका इस्तेमाल सोने की तस्करी में किए जाने की आशंका जताई गई। दो अन्य कारें भी बरामद की गईं।

# दोस्तों संग पत्नी के फोन-सेक्स को पति की आत्महत्या के लिए नहीं मान सकते दोषी: HC

**मुंबई,** एक बैंकर की आत्महत्या के मामले बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला देते हुए कहा कि उसकी पत्नी को इस आधार पर आत्महत्या को उकसाने का दोषी नहीं माना जा सकता कि उसने पति के दोस्तों के साथ फोन पर अश्लील बातें की थीं। जस्टिस मृदुला भाटकर ने कहा कि महिला को पति की आत्महत्या के लिए दोषी नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर महिला पति के चेतावनी देने के बाद भी फोन-सेक्स जारी रखती और उसे इसके बारे में बताती रहती, तब इसे प्रताड़ना माना जा सकता था।

**पति के दोस्तों से कीं अश्लील बातें**

ठाणे के बैंकर ने जुलाई २०१५ में खुद को आग लगी ली थी। पुलिस ने महिला पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस बात को आधार बनाया था कि पति को महिला के ऐसे मेसेज मिल गए थे जिनमें वह उसके मुंबई और दुबई में रहने वाले दो दोस्तों से अश्लील बातें करती थी। हालांकि, महिला ने इस दावे से इनकार नहीं किया, लेकिन उसके वकीलों ने यह दलील दी थी कि महिला यह काम सीक्रेट में करती थी। इसलिए पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस नहीं बनता। 'जानबूझकर प्रताड़ना का केस नहीं'

जस्टिस भाटकर ने कहा कि महिला को धोखा देने का दोषी पाया जा सकता है लेकिन इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने पति को आत्महत्या के लिए उकसाया। कोर्ट ने कहा, 'अगर आरोपी जानबूझकर फोन-सेक्स करती और अपने पति को उसकी चेतावनियों के बावजूद इसके बारे में बताती रहती तो इसे सोची-समझी प्रताड़ना माना जाता। उसे धोखा देने का दोषी तो माना जा सकता है लेकिन आत्महत्या के लिए उकसाने का नहीं।'

## पीएम मोदी आज पार्टी सांसदों को देंगे मंत्र

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भाजपा सांसदों से मिलेंगे, जिसके बाद पार्टी के प्रमुख संगठनों की लंबी बैठक होगी। पीएम ऐसे समय में पार्टी सांसदों को संबोधित करने वाले हैं, जब भाजपा को २०१४ में सत्ता संभालने के बाद पहली बार ऐसे खास राज्यों में विधानसभा चुनाव में हार झेलनी पड़ी, जहां कई बार से उसकी सरकार थी। वहीं, तेलंगाना में भी भाजपा को झटका लगा, जहां उसे केवल एक सीट मिली। पहले पार्टी की पांच सीटें थीं।

## राज्यसभा में कावेरी-आंध्र के मुद्दे पर हंगामा

**नई दिल्ली :** कावेरी डेल्टा क्षेत्र के किसानों के संरक्षण और आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर राज्यसभा में बुधवार को अन्नाद्रमुक और तेदेपा सहित कई दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक दो बार के स्थगन के बाद करीब सवा दो बजे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही ऑटिज्म बीमारी से संबंधित संशोधन विधेयक संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया गया।

## SC की सख्ती, पर ३ तलाक के २४८ मामले

**नई दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को कहा कि अगस्त, २०१७ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक बार में तीन तलाक को गैर-कानूनी करार दिए जाने के बावजूद तलाक की यह प्रथा नहीं थमी है। देश भर से तीन तलाक के २४८ मामले सामने आए हैं। लोकसभा में सुष्मिता देव के प्रश्न के लिखित उत्तर में कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'मीडिया और कुछ दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, १ जनवरी, २०१७ से अब तक तीन तलाक के ४७७ मामले सामने आए हैं। यूपी से सबसे अधिक मामले सामने आए हैं।'

## संचार उपग्रह GSAT-7A होगा १९ को लॉन्च

**बेंगलुरुः** भारत श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जियोसिंक्रोनस सैटलाइट लॉन्च वीइकल (जीएसएलवी) एफ११ के माध्यम से १९ दिसंबर को अपना नया संचार उपग्रह जीएसएटी-७ए लॉन्च करेगा। बुधवार को इसरो ने बताया कि २,२५० किलोग्राम वजनी जीएसएटी-७ए ३५वां भारतीय संचार उपग्रह है, जिसका निर्माण इसरो ने किया है। इस सैलाइट की उम्र ८ साल है। इसका निर्माण भारतीय क्षेत्र में केयू-बैंड के यूजर्स को संचार क्षमता मुहैया कराने के लिए किया गया है।

## पूर्व सेना प्रमुख का अकाली दल से इस्तीफा

**नई दिल्ली :** सेना के पूर्व प्रमुख जनरल जे.जे. सिंह ने बुधवार को शिरोमणि अकाली दल से इस्तीफा दे दिया। वह पार्टी की पूर्व सैनिक शाखा के अध्यक्ष भी थे। सिंह ने इस्तीफे के पीछे निजी कारण बताए हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि वह नेतृत्व के कामकाज के तरीके से खुश नहीं थे। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे सिंह २०१७ की शुरुआत में पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले अकाली दल में शामिल हुए और पटियाला विधानसभा सीट से कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ा। उन्होंने सारे राजनीतिक विकल्प खुले रखे हैं।

## 'सीपीसी' का दर्जा दिए जाने पर भड़का पाक

**इस्लामाबादः** अमेरिका के पाकिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाले राष्ट्रों की सूची में रखने के फैसले को इस्लामिक देश ने एकतरफा और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। दरअसल, पाकिस्तान को कई अन्य देशों के साथ अमेरिका की कांग्रेस की वार्षिक रिपोर्ट में धार्मिक अल्पसंख्यक नागरिकों और मानवाधिकारों की रक्षा करने में लगातार और क्रमबद्ध विफलताओं के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए 'कंट्री ऑफ पर्टिकुलर कन्सर्न' (सीपीसी) का दर्जा दिया था। पाक विदेश मंत्रालय ने इस सूची को नकार दिया है।

## आय से अधिक संपत्ति में पूर्व मंत्री गिरफ्तार

**रांची :** आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में सीबीआई ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का को गिरफ्तार कर लिया। एक्का लगातार समन जारी होने के बावजूद सीबीआई अदालत में पेश नहीं हुए थे। राज्य सतर्कता विभाग ने उनके खिलाफ २००९ में शिकायत दर्ज कराई थी। वह २००६ से २००८ तक मधु कोड़ा सरकार में मंत्री रहे थे।

# ४९८९ लोगों की हुई जांच ३१ एचआईवी प्रभावित

**मुंबई :** एचआईवी की शुरुआती स्तर पर जांच और



इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए बीएमसी एड्स नियंत्रण विभाग द्वारा ४९८९ लोगों की जांच की गई। जांच में ३१ लोगों में एचआईवी होने की पुष्टि हुई है। इनमें से २८ एचआईवी के नए मरीज हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पुष्टि के बाद मरीजों का इलाज भी शुरू कर दिया गया है।

एड्स नियंत्रण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जल्द से जल्द बीमारी का पता लगाने के लिए इस साल विश्व एड्स दिवस के मौके पर जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। लोगों की सुविधा को देखते हुए जांच की व्यवस्था बीएमसी अस्पतालों से लेकर रेलवे स्टेशन पर की गई थी। १ दिसंबर यानी विश्व एड्स दिवस के दिन बीएमसी के सभी अस्पतालों में १८७८ लोगों की एचआईवी जांच की गई। इसमें से ११ लोगों में बीमारी की पुष्टि हुई। इसी तरह सेंट्रल रेलवे के ६ स्टेशनों पर ३-७ दिसंबर के दौरान ३०५७ लोगों की जांच की गई, जिनमें १८ लोगों में बीमारी के वायरस मिले, जबकि मेट्रोपोलिस पर हुई ५४ लोगों की जांच में ४ पॉजिटिव मामले सामने आए।

मुंबई डिस्ट्रिक्ट एड्स कंट्रोल सोसाइटी (एमडैक्स) अडिशनल प्रॉजेक्ट डायरेक्टर श्रीकला आचार्य ने कहा कि यह सभी जांच 'फिंगर प्रिक' यानी उंगली से खून निकालकर की गई थीं। इसकी पुष्टि के लिए मरीजों को इंटिग्रेटेड काउंसलिंग ऐंड टेस्टिंग सेंटर (आईसीटीसी) पर बुलाया गया, जहां काउंसलिंग और जांच के बाद मामलों की पुष्टि हुई। टोटल ३३ लोगों में शुरुआती स्तर पर बीमारी की पुष्टि हुई थी, हालांकि इसमें से ३ पुराने मरीज थे, जबकि २ लोगों ने आईसीटीसी केंद्रों पर रिपोर्ट नहीं की। ऐसे में रिपोर्ट करने वाले ३१ लोगों का उपचार शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि मुंबई में एचआईवी के नए मामलों में पिछले ५ सालों में ३३.६ प्रतिशत कमी दर्ज हुई है। हालांकि इलाज बीच में छोड़ना और असुरक्षित यौन संबंधों के जरिए होने वाले एचआईवी के मामले अभी भी विभाग के सामने एक चुनौती की तरह हैं।

# मंत्री का पूर्व पीए कत्ल के बाद लाश देखने गया था

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** हीरा व्यापारी राजेश्वर उदानी मर्डर में पंतनगर पुलिस ने महाराष्ट्र के एक मंत्री के पूर्व पीए सचिन पवार को मुख्य साजिशकर्ता बताया है।

पुलिस का कहना है कि जिस कार में उदानी को ले जाया गया और जिसमें उनका कत्ल किया गया, उसमें सचिन पवार मौजूद नहीं था, लेकिन वह कत्ल के बाद लाश को देखने पनवेल गया था। राजेश्वर उदानी २८ नवंबर से लापता थे। उनकी लाश ४ दिसंबर को पनवेल के मेरेगांव में मिली थी, लेकिन यह लाश २८ नवंबर को ही वहां फेंक दी गई थी।

पनवेल में लाश इसलिए फेंकी गई, क्योंकि इस केस में गिरफ्तार आरोपियों में से एक महेश भोइर पनवेल का ही मूल निवासी है। महेश हत्या की इस साजिश में उस ड्राइवर प्रणित के जरिए आया, जो उसका पुराना परिचित है। उसे पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि पूरी साजिश सचिन पवार ने पुलिस सिपाही दिनेश पवार के जरिए



रची। दिनेश पवार से सचिन का परिचय तब हुआ था, जब कुछ साल पहले वह महाराष्ट्र के एक मंत्री का पीए था। सचिन सिपाही दिनेश के जरिए हनी ट्रैप लगाना चाहता था। दिनेश ब्यूटीशियन सायीस्ता सरवर खान उर्फ डॉली को जानता था। डॉली के यहां मॉडल निखत उर्फ झारा मोहम्मद खान रहती थी, जो उसकी रिश्तेदार है। इसके बाद २८ नवंबर को सचिन ने उदानी को बहाने से बुलाया। उदानी पंतनगर में अपने इलाके से अपने ड्राइवर के साथ निकले। उन्होंने विक्रोली हाइवे पर गाड़ी रुकवाई। उसके बाद उन्होंने किसी को कॉल किया। करीब १५ मिनट बाद एक दूसरी गाड़ी वहां आई। वह उसमें बैठे और अपने ड्राइवर को बोले कि तुम घर जाओ और वहां गाड़ी छोड़ दो। ड्राइवर को कोई शक नहीं हुआ, वह उदानी के घर वापस चला गया।

उदानी जिस दूसरी गाड़ी में बैठे, उसमें पुलिस सिपाही दिनेश पवार भी था और मॉडल निखत उर्फ झारा भी। यही नहीं, महेश भोइर व एक अन्य आरोपी भी गाड़ी में थे। गाड़ी ड्राइवर प्रणित चला रहा था। किसी वजह से वह हनी ट्रैप जब फेल हो गया, तो उदानी का कत्ल कर दिया गया।

# कमला मिल अग्निकांड में ९ अधिकारियों पर गिरेगी गाज

## बीएमसी ने नोटिस भेजकर शुरू कर दी कार्रवाई

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मुंबई फायर ब्रिगेड को आरे कॉलोनी के पास लगी आग की ठोस वजह नहीं मिल पाई है। फायर ब्रिगेड द्वारा इस संदर्भ में रिपोर्ट जमा कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, आग की वजह 'संदेहास्पद' है (पुलिस आगे के मामले की जांच करेगी)। आग के उद्गम स्थान का पता भी जांच के बाद नहीं लग पाया है। हालांकि, वहां पड़ी शराब की बोतलों से अवैध प्रवेश की संभावना से इनकार नहीं किया गया है। जांच रिपोर्ट में उत्तर-पूर्व स्थित नाले के पास आग शुरू होकर दक्षिण-पश्चिम की ओर फैलने की संभावना जताई गई है। कुछ इलाकों के आग से अप्रभावित रहने से गहरे शक की भी संभावना जताई गई है। इस इलाके में २००७ के बाद से २९ बार आग लग चुकी है। ३ दिसंबर को आरे कॉलोनी के पास स्थित प्राइवेट प्लॉट में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ ही देर में आग तीन से चार किलोमीटर में फैल गई। इस आग के बाद पर्यावरण मंत्री रामदास कदम समेत तमाम राजनीतिक दलों ने साजिश का अंदेशा जताया था, लेकिन काफी खोज बिन के बाद भी पड़ताल किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। क्या है पूरा मामला कमला मिल में लगी भयंकर के आग के अगले दिन १२ अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगे थे। इनमें से पांच को कमिश्नर ने निलंबित कर दिया था। नोटिस भेजे गए ९ अधिकारियों में असिस्टेंट इंजिनियर, सब-इंजिनियर, जूनियर इंजिनियर के अलावा असिस्टेंट डिविजनल फायर ऑफिसर, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (स्वास्थ्य), फायर स्टेशन ऑफिसर, सेनिटरी इंस्पेक्टर और असिस्टेंट डिविजनल फायर ऑफिसर शामिल हैं।

# ३५ साल की शादीशुदा प्रेमिका ने किया १३ साल छोटे प्रेमी का कत्ल

**गुजरातः** गुजरात के महीसागर जिले में एक शादीशुदा प्रेमिका ने अपने प्रेमी की चाकू से हत्या कर दी. आरोपी महिला एक ब्यूटी पार्लर चलाती है. उसने वहीं कत्ल की वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है हत्या की यह सनसनीखेज वारदात लुणावाडा इलाके की है. जहां अंकिता पटेल नामक महिला दिया ब्यूटी पार्लर चलाती है. अंकिता पहले से शादीशुदा है. उसके दो बच्चे हैं. लेकिन इसके बावजूद २२ वर्षीय अंशु चौधरी नामक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था. गुरुवार को अंशु चौधरी अपनी प्रेमिका से मिलने दिया ब्यूटी पार्लर आया था. तभी अंकिता पटेल और अंशु चौधरी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी. इसी दौरान अंकिता ने आपा खो दिया और एक छुरी से अंशु पर वार कर दिया. वार इतना गहरा था कि अंशु की वहीं मौके पर मौत हो गई. कत्ल की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची और आरोपी अंकिता को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई के बाद अंशु का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने बताया कि अंशु चौधरी राजस्थान का रहने वाला था. वह काम की वजह से महीसागर के लुणावाडा इलाके में रहता था. पुलिस के अनुसार अंकिता पटेल और अंशु चौधरी के बीच अफेयर था. लेकिन अंकिता ने उसकी हत्या क्यों की, पुलिस इस बात की छानबीन कर रही है. पुलिस ने पूछताछ के लिए अंकिता को रिमांड पर लिया है.

# बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के बगीचे में मिला हिस्ट्रीशीटर का शव, पुलिस जांच में जुटी

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में अमरुद के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव मिला. वहीं जांच के दौरान पुलिस जांच की तो लाश एक मृतक हिस्ट्रीशीटर बदमाश का निकला. पुलिस के मुताबिक मृतक हिस्ट्रीशीटर पिछले तीन सप्ताह से लापता था. फिलहाल लाश मिलने के बाद पुलिस अब इस पूरी घटना की जांच कर रही है. मृतक हिस्ट्रीशीटर के ऊपर स्थानीय कोतवाली में लूट, डकैती के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. बता दें कि पूरा मामला शाहाबाद कोतवाली इलाके में मोहल्ला अख्तियारपुर का है. जहां पर सुपरस्टार आमिर खान का पैतृक खेत और आम, अमरुद का बाग है. जहां पर स्थानीय लोगों को कुछ दिनों से अजीब सी दुर्गंध की शिकायत कर रहे थे. जिसके बाद कुछ लोगों ने देखा कि पेड़ के निचे एक शव पड़ा नजर आया. जो काफी खराब हालत में थी. जिसके बाद लोगों ने इस बात की जानाकरी पुलिस को दी.













मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com